Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 262 ▫ रायपुर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## महाराष्ट्र-झारखंड चुनाव की तारीखों का ऐलान आज

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। चुनाव आयोग आज यानी मंगलवार को एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। दोपहर साढ़े तीन बजे होने वाली इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा, सीट बंटवारे की बैठक अभी पूरी तरह से पूरी नहीं की गई है। 288 सीटों पर महा विकास अघाड़ी चुनाव लड़ेगी। चुनाव को लेकर हमारी पूरी तैयारी है। सात एमएलसीनियुक्त किए जाने पर उन्होंने कहा, यह चुनावी जुमला है। किस प्रकार संवैधानिक व्यवस्था से बेइमानी की जाती है भाजपा यह पूरे देश को सिखा रही है। जब वे सुप्रीम कोर्ट की भी नहीं सुन रहे है तो यह दर्शाता है कि पावर का दुरुपयोग करना भाजपा का काम है। महाराष्ट्र में चुनाव की तारीखों के संभावित एलान पर महा विकास अघाड़ी ने कहा है कि वे चुनाव के लिए तैयार हैं। एनसीपी एसपी नेता अनिल देशमुख ने कहा कि महा विकास अघाड़ी गठबंधन चुनाव के लिए तैयार है। ईवीएमपर विपक्षी दलों द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने महाराष्ट्र कहा, आज प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई है। जनता मतदान में भाग लेकर सवालों के जवाब देती है। जहां तक ईवीएम का सवाल है, वे 100 फीसदी फूल प्रुफ हैं।

### विपक्ष के आरोपों का चुनाव आयुक्त ने दिया जवाब सीईओ बोले- 100 फीसदी फुल प्रुफ हैं ईवीएम

महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव की तारीखों की चुनाव आयोग की घोषणा से पहले विपक्षी दलों ने एक बार फिर ईवीएम में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। हालांकि, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि जनता ने मतदान में भाग लेकर सवालों का जवाब दे दिया है। कुमार ने कहा कि जनता मतदान में भाग लेकर सवालों का जवाब देती है। जहां तक ईवीएम का सवाल है, वे 100 फीसदी फुलप्रूफ हैं। अगर वे आज फिर सवाल उठाएंगे तो हम उन्हें फिर से बताएंगे। इससे पहले, कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने इजरायल द्वारा आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के पेजर्स को हैक करने का उदाहरण देते हुए दावा किया था कि ईवीएम में हेरफेर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में विपक्ष को इस बात के लिए दबाव बनाना चाहिए कि ईवीएम से नहीं बल्कि बैलेट पेपर से वोटिंग हो। अन्यथा, महाराष्ट्र में, भाजपा सरकार और चुनाव आयोग कुछ भी कर सकती हैं। उन्होंने आगे कहा कि यदि इजराइल पेजर और वॉकी-टॉकी के इस्तेमाल से लोगों को मार सकता है, तो ईवीएम कहां है? इजराइल के साथ पीएम के बहुत अच्छे रिश्ते हैं। इजराइल ऐसी चीजों में माहिर है। ईवीएम का बड़ा खेल कहीं भी हो सकता है और उसके लिए बीजेपी चुनाव से पहले ये सब खेल कर लेती है। पिछले हफ्ते, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ईसीआई को एक ज्ञापन सौंपा था, और कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि निकाय इस मुद्दे पर संज्ञान लेगा और उचित निर्देश देगा। संचार के प्रभारी पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 9 अक्टूबर को कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव आयोग को शिकायतों से भरा एक ज्ञापन सौंपा. इसे आगे बढ़ाते हुए आज हमने एक अद्यतन ज्ञापन दिया है, जिसमें हरियाणा के 20 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रक्रिया में गंभीर और स्पष्ट अनियमितताओं को उजागर किया गया है। हमें उम्मीद है कि चुनाव आयोग इस पर संज्ञान लेगा और उचित निर्देश जारी करेगा।

### चाहे 84 का हो जाऊं या 90 साल का, ये बूढ़ा रुकेगा नहीं : शरद पवार



चुनाव के एलान से ठीक पहले शरद पवार बोले- चाहे 84 का हो जाऊं या 90 साल का, ये बूढ़ा रुकेगा नहीं। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का ऐलान होने ही वाला है। इन चुनावों में महायुति को टक्कर देने के लिए महाविकास अघाड़ी ने कमर कस ली है। खासकर राज्य के अनुभवी नेताओं ने आगे आकर अपने दलों की कमान संभाल ली है। इनमें सबसे आगे राकांपा-एससीपी के नेता शरद पवार का नाम है, जिन्होंने अपनी उम्र और राजनीति को लेकर अहम बयान दिया है। पवार ने कहा है कि वे चाहे 84 वर्ष के हो जाएं या 90 साल के, वे तब तक नहीं रुकेंगे, जब तक महाराष्ट्र को सही रास्ते पर नहीं ले जाते।दरअसल, हाल ही में जब शरद पवार चुनाव से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, तभी कुछ युवाओं ने उनके सामने एक बोर्ड का प्रदर्शन किया, जिसमें पवार की उम्र को लेकर तंज कसा गया था। इसमें लिखा था- 84 साल पुराना। वृद्धावस्था को लेकर इस कटाक्ष पर शरद पवार ने यह बात कही।

## राजस्व अधिकारियों पर बिना विभागीय अनुमति के अब नहीं होगी एफआईआर

**रायपुर,** 15 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। राजस्व अधिकारियों की मन की मुराद पूरी हो गई है. अब बिना विभागीय अनुमति के उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं होगी. छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ इस संबंध में लंबे समय से मांग करता रहा है, जिस पर कार्रवाई करते हुए राजस्व विभाग ने तमाम संभागायुक्तों और कलेक्टरों को पत्र जारी कर न्यायिक अधिकारी संरक्षण अधिनियम, 1850 और न्यायाधीश (संरक्षण) अधिनियम, 1985 के तहत राजस्व अधिकारियों को संरक्षण प्राप्त होने की बात कही है। राजस्व विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण उपरांत असंतुष्ट पक्षकारों द्वारा विधिवत अपील की कार्यवाही न कर सीधे पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जा रही है, और पुलिस भी प्राथमिकी दर्ज कर पीठासीन अधिकारी को नोटिस दे रही है. इस प्रकार न्यायाधीश (संरक्षण) अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के अंतर्गत राजस्व न्यायालय के पीठासीन अधिकारियों को संरक्षण प्राप्त नहीं हो पा रहा है.




इसके साथ असंतुष्ट पक्षकारों के पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध सीधे सिविल न्यायालय में वाद दायर कर दिया जा रहा है, और सिविल न्यायाधीश स्पष्ट दिशा-निर्देशों के अभाव में पुलिस को प्राप्त शिकायत की जांच के लिए भेज रहे हैं, और पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज की जा रही है. सचिव ने अधिनियमों का हवाला देते हुए बताया कि न्यायायिक अधिकारियों की सद्भावना में किए गए न्यायालय के कार्य अथवा पारित आदेशों के विरूद्ध सिविल न्यायालय में मुकदमा चलाए जाने के संबंध में संरक्षण प्राप्त है. इस अधिनियम के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति जो न्यायालय के रूप में काम करता है, उसे उपरोक्तानुसार संरक्षण प्राप्त है. इस अधिनियम के अंतर्गत दिया गया संरक्षण इसी सिद्धांत पर दिया गया है कि जो व्यक्ति न्यायालय के रूप में कार्य करता है उसके कर्तव्यों के प्रभावी निष्पादन के लिए अत्यंत आवश्यक है कि वह व्यक्ति बिना किसी भय के कार्य कर सके. कनिष्क प्रशासनिक सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीलमणि दुबे ने कहा कि हम विभागीय सचिव अविनाश चंपावत का आभार अभाव व्यक्त करते हैं कि उन्होंने हमारी पीड़ा को समझा है. हमने इस मांग को पिछले दिनों प्रमुखता से उठाया था.

## भारत-अमेरिका के बीच 31 प्रीडेटर ड्रोन्स के सौदे पर हस्ताक्षर, हिंद महासागर में बढ़ेगी हमारी ताकत

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। भारत ने अमेरिका के साथ 31 प्रीडेटर ड्रोन्स खरीदने का सौदा कर लिया है। दोनों देशों के बीच इस सौदे पर दोनों पक्षों ने हस्ताक्षर किए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। लंबे समय से दोनों देशों के बीच इस सौदे को लेकर बातचीत चल रही थी। यह सौदा 32 हजार करोड़ रुपये का है। इससे समुद्र से लेकर सतह और आसमान तक भारत की मारक और निगरानी क्षमता में प्रभावी वृद्धि होगी। रक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने बीते हफ्ते ही इस सौदे को अपनी मंजूरी दी थी। भारत में आयोजित हुए एक कार्यक्रम में दोनों देशों के शीर्ष अधिकारियों और सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में सौदे पर हस्ताक्षर हुए। भारत द्वारा 31 प्रीडेटर ड्रोन्स खरीदने के रक्षा सौदे का एलान प्रधानमंत्री मोदी के बीते साल अमेरिका दौरे पर किया गया था। इस सौदे की अहमियत को लेकर अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा था कि इस सौदे से दोनों देशों के रणनीतिक तकनीक सहयोग और सैन्य सहयोग में उल्लेखनीय इजाफा होगा।

## ब्रेकिंग न्यूज

### कनाडा-भारत तनाव बढ़ा : ट्रूडो सरकार आरसीएमपी और आयोग के जरिए भारत पर लगाएगी आरोप

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा कनाडा पर अविश्वास व्यक्त करते हुए अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को वापस बुलाने के बाद, कनाडा की ट्रूडो सरकार भारत को विदेशी हस्तक्षेप आयोग के समक्ष प्रस्तुत करेगी और हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत को दोषी ठहराने का प्रयास करेगी।

एक शीर्ष भारतीय राजनयिक ने सवाल उठाया, अगर यह इतना स्पष्ट मामला था जैसा कि ट्रूडो ने कहा है, तो कनाडा की रॉयल माउंटेड पुलिस ने अभी तक आरोप पत्र क्यों नहीं दायर किया? कनाडा की सरकार ने अब तक निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता का कोई ठोस प्रमाण साझा नहीं किया है। ऐसा माना जा रहा है कि ट्रूडो, खालिस्तानी वोट बैंक को साधने के लिए, प्रतिबंधित संगठन सिख्स फॉर जस्टिस के वकील के बयानों का उपयोग कर भारत को दोषी ठहराने की कोशिश करेंगे। 16 अक्टूबर को प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो आयोग के सामने पेश होंगे, और इसके अगले दिन एक अन्य मंत्री को भी आयोग के सामने गवाही देनी होगी। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी के अनुसार यह पूरी जांच एकतरफा है और भारत को बदनाम करने की साजिश का हिस्सा है।जबकि आरसीएमपी ने अभी तक निज्जर हत्या मामले में कोई आरोप पत्र दायर नहीं किया है,

## नाबालिग ने दी थी एयर इंडिया विमान को बम से उड़ाने की धमकी



### पुलिस ने हिरासत में लिया

**रायपुर,** 15 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बड़ी खबर है. एयर इंडिया की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले के तार राजनांदगांव से जुड़े हैं. पुलिस इस मामले में नाबालिग से पूछताछ कर रही है. सूत्र बताते हैं कि नाबालिग के मोबाइल से पुलिस को अहम सबूत हाथ लगे हैं. नाबालिग को अभिरक्षा में लेने मुबंई पुलिस की टीम राजनांदगांव आई थी. उसने राजनांदगाव पुलिस के सहयोग से नाबालिग को ढूंढ निकाला. मुंबई पुलिस की टीम उसे लेकर राजनांदगांव से रवाना हो गई है. पुलिस नाबालिग लड़के से कड़ी पूछताछ कर सकती है।

गौरतलब है कि 14 अक्टूबर को एयर इंडिया की फ्लाइट मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही थी. इस बीच किसी ने उसे बम से उड़ाने की धमकी दी. ये धमकी मिलते ही फ्लाइट में सवार यात्री डर गए. विमान में हड़कंप मच गया. इसके बाद पायलट ने फ्लाइट को तुरंत दिल्ली की ओर डायवर्ट कर दिया. कुछ देर बाद फ्लाइट दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतर गई. लैंडिंग के बाद सुरक्षाबलों ने विमान को घेर लिया. काफी देर की तलाशी के बाद भी वहां से कुछ नहीं मिला. अधिकारियों ने बताया कि सबकुछ नियंत्रण में है. सभी सभी यात्री सुरक्षित हैं. इस मामले की जांच जारी है। दूसरी ओर, जांच अधिकारियों ने मामले की गहराई से पड़ताल की तो पता चला कि एयर इंडिया की फ्लाइट को उड़ाने की धमकी छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से मिली है. सूत्र बताते हैं कि जिस नाबालिग ने फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी दी वह एक कारोबारी का बेटा है. उसने सोशल मीडिया पर एयर इंडिया को यह धमकी दी. इसके बाद मुंबई पुलिस की स्पेशल टीम का गठन किया गया. इस टीम में 5 सदस्य थे. यह टीम

## घर में मेहमान, पाकिस्तान में घमासान आज जयशंकर भी पहुंच रहे इस्लामाबाद



**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। 15 और 16 अक्टूबर को पाकिस्तान शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के 23वें संस्करण की मेजबानी कर रहा है। इस्लामाबाद के सदाबहार दोस्त चीन और उसके कट्टर प्रतिद्वंद्वी भारत के वरिष्ठ नेता सख्त सुरक्षा उपायों के बीच इसमें शामिल हो रहे हैं। जहां इस्लामाबाद 900 विदेशी प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा है, वहीं एससीओ शिखर सम्मेलन आतंकवादी हमलों और जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी के विरोध प्रदर्शन की छाया में हो रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए तैयार हैं। डॉ. जयशंकर भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे और सीमा पार आतंकवाद से संबंधित भारत की चिंताओं को उठाएंगे।

भारत के विदेश मंत्री ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि भारत-पाकिस्तान संबंधों पर कोई चर्चा नहीं होगी और उनकी यात्रा संक्षिप्त होने की उम्मीद है। जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा 2015 में उनकी पूर्ववर्ती सुषमा स्वराज के बाद नौ वर्षों में किसी भारतीय विदेश मंत्री की पहली यात्रा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर एससीओ शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। जयशंकर सीमा पार आतंकवाद और दायित्वों को पूरा करने पर भारत की चिंताओं को उठाएंगे और अन्य एससीओ सदस्य-राज्यों के साथ सहयोग को




चूहा- सुनती हो, भारत का चुनाव आयोग कह रहा है मशीन ईवीएम पूरी तरह 100 प्रतिशत प्रमाणिक है।
चुहिया- हां जी, पर विपक्ष मानेगा तब! इस बार महाराष्ट्र-झारखंड चुनाव बैलेट पेपर से कराकर देख लें।

## करंट लगने से लाइनमैन की मौत

### बिजली विभाग के सब स्टेशन में बड़ा हादसा

**रायपुर,** 15 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। राजधानी के मठपुरैना स्थित बिजली विभाग के सब स्टेशन में एक दर्दनाक हादसा हुआ है. यहां खंभे पर चढ़कर मरम्मत कार्य के दौरान करंट लगने से एक लाइनमैन की मौत हो गई. यह ममला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, मठ पुरैना स्थित एसटीएम वन का लाइनमैन दिलीप जघेल जो ग्राम परसदा का निवासी था. वह 33/11 केवी सब स्टेशन में मरम्मत का काम कर रहा था. इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया. करंट लगने से उसके दोनों हाथ झुलस गए और नीचे गिरने से सिर में गंभीर चोट लग गई. आनन-फानन में बिजली सब स्टेशन के स्टाफ ने घायल कर्मी को कालड़ा नर्सिंग होम, पचपेड़ी नाका में भर्ती कराया. जहां इलाज के दौरान शाम करीब 7:30 बजे उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना टिकरापारा थाने में दी गई।

बताया जा रहा है कि 11 केवी की एक वीसीबी को बैकफिट कर कंट्रोल रूम की बिजली आपूर्ति शुरू की गई थी. इसी दौरान लाइनमैन दिलीप जंघेल गलती से उसी वीसीबी डीसीबी पर काम करने चला गया, जिससे वह दुर्घटना का शिकार हो गया. सब स्टेशन में इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हो गई, जिसके कारण लाइनमैन की मौत हो गई. यह जांच का विषय है।

